सहायता • प्रदान व महिला विकास मंडल ने बेती, चुंदरी, इचा, हापामुनि, गम्हरिया, कोटमाटी, नाथपुर और जमगई गांव में अनाज बांटे

घाघरा प्रखंड के 150 लोगों में अनाज का वितरण

भास्कर न्यूज|घाघरा

प्रदान एवं महिला विकास मंडल घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में लॉक डाउन के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच अनाज का वितरण किया गया। इस संबंध में प्रदान के कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि घाघरा प्रखंड के बेती, चुंदरी, इचा, हापामुनि, गम्हरिया, कोटमाटी, नाथपुर और जमगई गांव में 150 लोगों को टाटा ट्रस्ट से प्राप्त वित्तीय सहायता से प्रदान द्वारा महिला विकास मंडल घाघरा के साथ 10 केजी चावल, 1 केजी मसूर दाल, 2 केजी आलू, 1/2 केजी सरसों तेल, 100 ग्राम हल्दी, 1 पैकेट नमक, 2 कपड़ा धोने वाला साबुन और 1 नहाने वाला साबुन दिया जा रहा है।

प्रदान के जितेंद्र यादव ने बताया कि इस क्षेत्र में 15 वर्षों से प्रदान एवं महिला विकास मंडल द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस कठिन परिस्थिति में महिला विकास मंडल के प्रत्येक बोर्ड के सदस्यों के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल करने के बाद, उन्होंने 120 गांवों में इन लोगों की पहचान करने का निर्णय लिया। प्रत्येक गाँव की महिला स्वयंसेवकों को इस विचार को साझा किया गया और उन्होंने इन व्यक्तियों की पहचान की और उन्हें सूचीबद्ध किया। जो आने वाले सप्ताह में राशन के बिना होंगे। महिलाओं ने किसी के चयन के लिए शारीरिक / मानसिक रूप से विकलांग, विधवा, वृद्धावस्था, आश्रित सदस्य जो प्रवासी के रूप में बाहर गए है। दैनिक मजदूरी अर्जक के रूप में सूचीबद्ध किए। 1500 से अधिक लोगों की एक सूची को अब तक संकलित किया गया है। जिसके बाद विपिन पोखरियाल, अभय आनंद और जितेंद्र यादव राशन बांटने के लिए गांवों में जा रहे हैं।

गांव में ग्रामीणों ने जरूरतमंद गरीबों से दूरियां बनाया।